उ0प्र0 पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय
एवं गौ–अनुसंधान संस्थान, मथुरा।

पत्र सं0 /डीडीयू/प्लेज0/2025 दिनांकः 06 मार्च, 2025

## कार्यालय ज्ञाप

विषयः "दहेज मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा" एवं "नशा मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा" दोनों शपथ कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को निर्धारित समय अपरान्ह 12:15 बजे विश्वविद्यालय में आयोजित किये जाने के सबंध में।

उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांक संख्या 1313/32–जी0एस0/2025 दिनांक 28–02–2025 के क्रम में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/सम्बद्व संस्थान के समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने यहां कार्यरत शिक्षकों से **"दहेज मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा" एवं "नशा मुक्त भारत के लिये प्रतिज्ञा"** संलग्न प्रारूप पर **प्रत्येक दशा में आज दिनांक 06.03.2025 तक** अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में भेजने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।

समस्त अधिकारी उपने विभाग/कार्यालय के प्रत्येक कर्मचारी के उपरोक्त सर्टिफिकेट की सॉफ्ट कॉपी **ई–मेल आईडी cpo.duvasu@upvetuniv.edu.in** पर भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

मुख्य कार्मिक अधिकारी

पृ0सं0 2470/डीडीयू/प्लेज0/2025 दिनांकः उक्त
प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1– कुलसचिव, दुवासू, मथुरा।
2– समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी, दुवासू, मथुरा।
3– कुलपति के निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।

मुख्य कार्मिक अधिकारी

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0 ई1313/32–जी0एस0/2025 दिनांक 28.02.2025 का संलग्नक।

शपथ के प्रारूपः–

## 1. दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं ________________ प्रतिज्ञा करता हूँ कि विवाह के पवित्र बन्धन को दहेज रूपी सौदे से मुक्त रखूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वालों का विरोध करूंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करूंगा, पारिवारिक सम्बन्धों की मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

कर्मचारी/अधिकारी के हस्ताक्षर

मो0न0

## 2. नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं ________________ प्रतिज्ञा करता हूँ कि किसी भी प्रकार के नशें अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करूंगा। नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार, मित्र समाज व जन–जन को जागरूक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकीर सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

कर्मचारी/अधिकारी के हस्ताक्षर

मो0न0